चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 180 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
23 दिसंबर 2024
सोमवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

## पीएम 25 को रखेंगे केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला, यादव-पुष्कर सागर में

# पानीदार लिंक को यादगार बनाने किसानों के बीच योजना की ब्रांडिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आज बुंदेलखंड मुख्यालय माने जाने वाले सागर में दो-दो मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उत्तराखंड के पुष्कर धामी पहुंच रहे हैं। मप्र सरकार के जनकल्याण पर्व के दौर में मुख्यमंत्री यादव नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा गौरव दिवस एवं लाखा बंजारा झील के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास, सागर सिटी गवर्नेंस नगर पालिक निगम कार्यालय एवं दो जोनल सेंटर का लोकार्पण कर रहे हैं। वे यहां लाखा बंजारा की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर,मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद भी हैं। सागर गौरव दिवस के कार्यक्रम में उन विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। दरअसल सीएम व सरकार को फोकस बुंदेलखंड में अभी ज्यादा है इसकी वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा भी है। मोदी 25 दिसंबर को मप्र आएंगे। वह खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यादव उक्त अवसर के लिए पीएम का अभिवादन व जोरदार स्वागत करने के लिए प्रदेश भर के नागरिकों अपने दौरे के दौरान आमंत्रित कर रहे हैं। सीएम का मुख्य फोकस किसानों पर भी है, जिन्हें वह लड्डू खिलाकर आमंत्रित कर रहे हैं। कल भी सीहोर व निवाड़ी में उन्होंने किसानों को योजना के लाभ समझाये व आमंत्रित किया। बीते आठ दिनों में एक दर्जन जिलों का दौरा कर चुके हैं जहां आयोजित होने वाले आयोजनों में वे किसानों व आम जनता से संवाद कर रहे हैं। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन मप्र को नदी जोड़ो परियोजना की सौगात मिलने जा रहा है। एक से दूसरी नदियों को जोड़ने का सपना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी ने ही देखा था। सीएम किसानों से कह रहे हैं कि उस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को राजस्थान के जयपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रख चुके हैं। अब मप्र को यह अवसर मिलने वाला है। इन दोनों नदी जोड़ों परियोजनाव से मप्र जिले पानीदार बनेंगे, करोड़ों परिवारों को पीने व सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उद्योगों की जरुरतें पूरी होंगी। जन-कल्याण पर्व के तहत मुख्यमंत्री में निवा?ी में कहा है कि जिले के सभी नागरिकों को खजुराहो आमंत्रित करने आए हैं यही मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम के साथ निवा?ी जिले के स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। महाकाल लोक की तर्ज पर ओरछा में अनूठा रामराजा लोक बनाने की बात दोहराई।



### इस घोषणा के आसार भी

सागर की जीवनदायिनी परियोजना राजघाट बांध की ऊंचाई नहीं बढ़ाई जाएगी। इस पर अनुमानित खर्च 300 करोढ़ रुपए और 400 हेक्टेयर डूब क्षेत्र को देखते हुए ऐसा किया जा रहा है। इसके बदले में अब राजघाट बांध से 16 किलोमीटर दूर खमरिया गांव में बांध बनाया जाएगा। इसकी क्षमता 32 एमसीएम यानी मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की है। इसमें से 20 एमसीएम पानी तक राजघाट बांध के लिए दिया जाएगा। यह पानी पाइपलाइन से आएगा या फिर नहर के माध्यम से इस पर भी निर्णय होना है। खमरिया के पास बांध बन जाने से शहर में जलसंकट की समस्या खत्म हो जाएगी। आज गौरव दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यादव इसकी घोषणा कर सकते हैं। इसको लेकर बीते छह माह से काम चल रहा है।

# पांच दिन चली छापामार कार्रवाई पूरी, अब निष्कर्षों का इंतजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



### आज खोले जाएंगे लॉकर, सौरभ का इंतजार भी

राजधानी के त्रिशूल, क्वालिटी और ईशान बिल्डर व उनके करीबियों के यहां बीते बुधवार सुबह से शुरू आयकर छापे की कार्रवाई रविवार देर रात पूरी हो गई है। अब इसके निष्कर्षों का इंतजार है। बताया जाता है तलाशी अभियान में डेढ़ सौ से अधिक बेनामी संपत्तियों का पता चला है। आयकर विभाग अब इनकी पड़ताल कर रहा है। लगभग 10 करोड़ रुपये नकद और 25 लॉकर भी मिले जिनमें से कुछ ही खोले गए हैं। बाकी आज खोले जा रहे हैं। इनमें संपत्ति के दस्तावेज, ज्वेलरी और अन्य चीजें सामने आ सकती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ शेल कंपनियां की जानकारी भी है। आयकर विभाग ने भोपाल में 49, इंदौर में दो और ग्वालियर में एक स्थान पर छापेमारी शुरू की थी। इसमें अधिकतर स्थान त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के राजेश शर्मा से जुड़े थे। राजेश शर्मा को एक पूर्व मुख्य सचिव का करीबी बताया जाता है। इसके अतिरिक्त रायपुर के एक कारोबारी का नाम भी आया है। इधर, आयकर टीम ने बिल्डर के यहां छापेमारी में अहम राजफाश करने के बाद अब सौरभ शर्मा पर फोकस बढ़ा दिया है। दिल्ली से दिशा-निर्देश मिलने के बाद आयकर विभाग ने सोने और 10 करोड़ रुपये की नकदी की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सौरभ अभी दुबई में है। वह लोकायुक्त के शिकंजे में पहले से है। जांच का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे ही खुलासे भी हो रहे हैं। यह भी पता चला है कि अपने लोगों को परिवहन के चेक पोस्टों पर भेजा करता था। हालांकि कुछ अधिकारियों ने इसका विरोध करते हुए जानकारी ऊपर तक भी पहुंचाई थी। भोपाल में मेंडोरी के जंगल से गुरुवार रात 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश के साथ एक इनोवा कार जब्त होने के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों के हाथ एक डायरी और कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसमें खुलासा हुआ है कि सौरभ ने परिवहन विभाग के अफसरों के साथ 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन किया है।

# उप्र-पंजाब पुलिस ने तीन आतंकियों को ढेर किया



**पीलीभीत, एजेंसी**

आज उप्र के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। इसमें गुरविंदर, वीरेंद्र, जसनप्रीत सिंह मारा गया।

# कश्मीर में डल झील व बद्रीनाथ में झरना जमा, मप्र में कोहरा, मावठा गिरने के आसार

**नई दिल्ली/भोपाल दोपहर मेट्रो।**



मौसम का मिजाज मप्र में बदला हुआ है तो उत्तराखंड के ऊंचे हिमालयी इलाकों में बर्फबारी और बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान माइनस से 10 डिग्री नीचे तक पहुंच गया है। श्रीनगर में 21 दिसंबर की रात 50 साल में सबसे ठंडी रात रही। यहां पारा माइनस 8ए था। 22 को तापमान 4 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। डल झील भी जम गई। यहां झील की सतह पर आधा इंच मोटी बर्फ की परत दिखाई दे रही है। उधर बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा का झरना लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बहते-बहते ही पूरी तरह जम गया है।

इधर, मौसम विभाग ने 23 से 28 दिसंबर के बीच मध्य प्रदेश में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में भी आज बारिश की संभावना जताई गई है। दरअसल आज एक बार फिर मौसम बदला है। भोपाल-डिंडौरी समेत कई जिलों में सुबह से बादल और कोहरा छाया हुआ है। दफ्तर-स्कूल जाने वाले लोगों को गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते दो-तीन दिन से न्यूनतम तापमान में हो रही बढ़ोतरी के बाद आज एक बार फिर मध्यप्रदेश का पारा नीचे आया है। जिसके कारण ठंड बढ़ गई है। विभाग ने आज यानी 23 से 28 दिसंबर के बीच प्रदेश में सीजन का पहला मावठा गिरने का अनुमान जताया है।

# रणजीत हनुमान की प्रभात फेरी में 5 लाख लोग जुटे


**इंदौर।** आज प्रसिध्द बाबा रणजीत हनुमान का स्वर्ण रथ सुबह मंदिर परिसर पहुंचा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास का दावा है कि आज सुबह 5 बजे से निकली बाबा रणजीत की प्रभात फेरी में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। रथ में सवार हो कर भक्तों को दर्शन देने निकले बाबा रणजीत हनुमान का 200 से अधिक मंचों में स्वागत किया गया। भजनों पर भक्त झूमते रहे। जय रणजीत के जयघोष से पश्चिमी क्षेत्र गूंजता। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बाबा की एक झलक पाने को बेताब रहे। पांच विशिष्ट हनुमान (कलाकार) भी प्रभात फेरी में आकर्षक का केंद्र रहे। आलम यह रहा कि 6 घंटे में रथ करीब 4 किलोमीटर ही आगे बढ़ सका। सुरक्षा के लिए करीब 1000 पुलिस कर्मी तैनात किए गए।

# हादसाः डंपर ने फुटपाथ पर 9 को रौंदा, तीन की मौत

**पुणे, एजेंसी।** बीती देर रात डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है और 6 लोग गंभीर रूप ये घायल हुए हैं। मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से एक की उम्र 1 साल और एक की उम्र 2 साल है। एक्सीडेंट वाघोली के केसनंद फाटा इलाके में हुआ। डंपर चलाने वाला ड्राइवर नशे में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि फुटपाथ पर करीब 12 मजदूर सो रहे थे। चश्मदीदों ने बताया कि डंपर तेज रफ्तार में था। वह सो रहे लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इसके बाद घायल मजदूर चिल्लाने लगे। हमने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। दो दिन पहले मुंबई में फुटपाथ पर खेल रहे एक 4 साल के बच्चे को कार चालक ने रौंद दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# बाजार संभला

**मुबंई, एजेंसी।** शेयर बाजार बीते सप्ताह की बड़ी गिरावट से आज उबरता हुआ दिखा, लेकिन निवेशक बहुत सावधान भी नजर आए। आज शानदार शुरुआत करते हुए सेंसेक्स ओपन होने के कुछ ही मिनटों में 600 अंक से ज्यादा उछल गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी इंडेक्स ने करीब 200 अंकों की छलांग लगा दी।




# रामायण-श्रीलक्ष्मी पर फंस गए विश्वास !

मेट्रो एंकर

## क्या शादी का फैसला भी धर्म के स्वयंभू ठेकेदार करेंगे...?

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मशहूर कवि कुमार विश्वास पर कांग्रेस की फायरब्रांड प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने जबर्दस्त हमला बोल दिया है। दरअसल बालीवुड के फेमस एक्टर और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा के बंगले का नाम रामायण है और हाल ही में उनकी बेटी एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने जूलरी बिजनेसमैन इकबाल रत्नासी के बेटे एक्टर जहीर इकबाल से शादी की है। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें कुमार कहते नजर आ रहे हैं- अपने बच्चों को रामायण सुनवाइए, गीता पढ़वाइए अन्यथा ऐसा न हो कि आपके घर का नाम तो रामायण हो और आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठाकर ले जाए।

इसी बयान को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा पर घटिया तंज बताया और कहा, अगर आपके अपने घर में एक बेटी हो तो क्या आप किसी और की बेटी पर भद्दी टिप्पणी करके सस्ती तालियां बटोरेंगे? आप किस हद तक गिरे हुए हैं, इसका तो अंदाजा लग ही गया है। सुप्रिया ने कहा कि कुमार विश्वासजी आपने सोनाक्षी सिन्हा के अंतरधार्मिक विवाह पर तो घटिया तंज किया ही पर आपने अपने अंदर महिलाओं के लिए जो असल सोच है, उसे भी उजागर कर दिया। श्रीनेत ने यह भी कहा,%विवाह और दाम्पत्य की नींव बराबरी, आपसी विश्वास और आपसी प्रेम है। कोई किसी को कहीं उठा कर नहीं ले जाता और 2024 के भारत में आप अपनी मर्जी से शादी करने पर परवरिश पर सवाल उठा रहे हैं? क्या एक लड़की को यह हक नहीं कि जिससे उसकी मर्जी हो उससे वह विवाह करे? इसका निर्णय भी धर्म के स्वयंभू ठेकेदार करेंगे? कांग्रेस नेता ने कहा वैसे परवरिश पर तो सवाल तब भी नहीं होना चाहिए, जब आपके साथ वाले बाउंसर एक संभ्रांत डॉक्टर को पीट डालें- यह तो आपकी कमी है जो आपका स्टाफ आपके रहते हुए ऐसा करे। आपके सर्टिफिकेट की ना तो शत्रुघ्न सिन्हाजी को जरूरत है, ना उनकी कामयाब बेटी सोनाक्षी को, लेकिन अपने से उम्र में 17 साल छोटी लड़की पर आपकी टिप्पणी आपकी छोटी सोच को बेनकाब जरूर कर देती है, ना श्रीराम किसी की बपौती हैं, ना रामायण, ना उससे जुड़ा कोई नाम.

### दो मिनट की सस्ती तालियां

कुमार विश्वास पर हमलावर श्रीनेत ने कहा, दूसरों के बच्चों को रामायण और गीता पढ़ने की सीख देने वाले कवि महोदय, सोनाक्षी के पति के धर्म से नफरत करने में आप रामायण में परस्पर प्रेम पर कितना मधुर अंकित है वो भूल गए? सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीती।। आपने रामायण का अध्ययन वाकई में किया होता तो प्रेम जरूर समझते। आपके अंदर रामकथा वाचक बनने की लालसा बहुत है, लेकिन प्रभु राम की शालीनता और मर्यादा का रत्ती भर गुण नहीं। दो मिनट की सस्ती तालियां तो आपको जरूर मिलीं, लेकिन आपका कद जमीन में व धंस गया।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। रोजगार मेले के आयोजन पर युवाओ को नियुति पत्र दिए गए ..

### भोपाल की 2047 की जरूरतों का भी रखा जाएगा ख्याल

# यूनिक सिटी के रूप में विकसित होगी राजधानी, जल्द बनेगी कार्य योजना

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भौंरी स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्कीटेक्ट (एसपीए), भोपाल का विजन डेवलपमेंट 2047 प्लान तैयार करेगा। इस मामले को लेकर बीते दिनों कलेक्टर के साथ इस पर एसपीए में बैठक हुई थी। भोपाल को यूनिक सिटी की तरह विकसित करने पर ये प्लान आधारित रहेगा। अगले 20 दिनों में एसपीए इसे तैयार कर प्रशासन के सामने प्रस्तुत करेगा, इसके बाद इसके क्रियान्वयन को लेकर काम शुरू होगा। भोपाल को 2047 तक भारत के विकासशील शहरों की सूची में एक विशेष स्थान दिलाने के उद्देश्य से ये प्लान तैयार कराया जा रहा है।

बताया गया कि अगले 20 दिनों में विभिन्न एजेंसियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट में स्मार्ट सिटी पहल के तहत हरित क्षेत्र, ऊर्जा बचत और जल प्रबंधन जैसे पहलुओं को भी शामिल किया जाएगा। शहर को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस करते हुए उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी संरक्षित किया जाएगा।



## 7 सेक्टर टीमें विकास के हर भाग पर करेंगी काम

यहां एसपीए के एक्सपर्ट के साथ सात सेक्टर टीमें गठित की गई है। ट्रैफिक ट्रांसपोर्ट के साथ पर्यावरण, मानव संसाधन के साथ आम जीवन को प्रभावित करने वाले सभी बिंदुओं पर काम किया जाएगा। प्लान में तय होगा कि आज की स्थिति और 2047 की जरूरतें क्या है। आज की आबादी और बढ़ रहे शहरीकरण को देखते हुए 2047 तक भोपाल कैसा होगा? आज से बेहतर स्वरूप बनाने के लिए आने वाले वर्षों में किन बातों पर काम किया जाना चाहिए। योजना में इंफ्रास्ट्रर, प्रदूषण मुक्त वातावरण, आधुनिक परिवहन प्रणाली और सतत विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल विजन डेवलपमेंट 2047 तैयार कराया जा रहा है। एसपीए इसपर काम करेगा। भोपाल को यूनिक सिटी के तौर पर विकसित करेंगे। 2047 को ध्यान में रखते हुए प्लान बनेगा।

# बंद कमरे में मिली थी बुजुर्ग महिला की लाश पुलिस ने दर्ज किया बेटे पर मामला

### वरिष्ठ नागरिको का भरण पोषण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर

**भोपाल. एजेंसी**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित गोया कॉलोनी में गत 19 अक्टूबर को रिटायर्ड पुलिसकर्मी की बुजुर्ग पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की। जांच में यह बात सामने आई कि उनके साथ उनका बेटा और बहू रहते थे। बेटा बेरोजगार था और उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। वह मां की ठीक से देखभाल नहीं करता था। वह लापरवाहीपूर्वक मां को घर में अकेला छोड़कर चला गया था। इससे बुजुर्ग मां की हार्ट बीट रुकने से मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद बेटे के




खिलाफ वरिष्ठ नागरिको का भरण पोषण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार गोया कालोनी निवासी ललिता दुबे (85) अपने छोटे बेटे अरुण और बहू के साथ रहती थी। उनके पति पुलिस विभाग में थे, जिनका कुछ साल पहले निधन हो चुका है। ललिता का सबसे बड़ा बेटा अनिल इंदौर में सब इंस्पेक्टर है, जबकि मंझले बेटे अजय का निधन हो चुका है। 19 अक्टूबा शनिवार सुबह अनिल ने मां का हालचाल जानने के लिए छोटे भाई अरुण को कॉल किया। उसने बताया कि परिवार के साथ बाहर है। अनिल ने एक परिचित को घर भेजा। परिचित घर पहुंचा तो मकान की कुंदी बाहर से लगी हुई थी और उस पर खुला ताला लटका हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि ललिता दुबे मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके बाद अनिल भोपाल पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि उम्रदराज होने के कारण ललिता बेड रेस्ट पर रहती थी। इसके चलते कमरे में गंदगी फैली हुई थी। उन्हें देखभाल की जरूरत थी, लेकिन बेटा अरुण मां की ठीक से देखभाल नहीं करता था। पुलिस ने अरुण के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार 2 मंगलसूत्र, 3 मोबाइल समेत 2 लाख का माल बरामद

**भोपाल. एजेंसी**

चलती ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को जीआरपी इटारसी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी के 2 मंगलसूत्र और 3 मोबाइल समेत करीब सवा 2 लाख रुपए का माल बरामद किया गया। आरोपी भीड़भाड़ के दौरान महिलाओं को निशाना बनाकर वारदातत को अंजाम देता था। जानकारी के अनुसार ट्रेनों में होने वाली चोरी और लूटपाट की घटनाओं को रोकने तथा अपराधियों की धरपकड़ लिए एसपी रेल राहुल कुमार लोड़ा ने विशेष निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में इटारसी जीआरोपी को सूचना मिली कि एक संदेही प्लेटफार्म क्रमांक 6-7 के पास स्थित पानी की टंकी के पास मौजूद है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो संदेही ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम उमेश उर्फ भैइयू गुजरे (22) निवासी नाला मोहल्ला इटारसी जिला होशंगाबाद बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि



करीब एक साल पहले होशंगाबाद स्टेशन पर दक्षिण एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होते समय दो महिलाओं के गले से मंगलसूत्र चोरी किया था। पुलिस ने उसके घर से अलमारी में छिपाकर रखे दोनों मंगलसूत्र बरामद कर लिए। इसके साथ ही कपड़ों में लपेटकर रखे दो 2 आईफोन और एक रेडमी कंपनी का मोबाइल समेत कुल करीब सवा दो लाख रुपए का माल बरामद हुआ। आरोपी से चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कोच फैक्ट्री यार्ड के पास पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**भोपाल. एजेंसी**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कोच फैक्ट्री यार्ड के पास रविवार सुबह पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब दस दिन पुरानी होने के कारण बुरी तरह से सड़ चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मचूर्री भेज दी है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे कोच फैक्ट्री यार्ड में मुख्य रेलवे लाइन और यार्ड की लाइन के बीच जंगल में लाश मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पलाश के पेड़ पर एक युवक की लाश लटकी नजर आई। लाश बड़े रूमाल पर के फंदे पर लटकी हुई थी। लाश पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी थी। मृतक ऑरेंज कलर की हुडी वाली जैकेट, नीला जींस पहने हुए है। पैरों में चप्पल जूतें नहीं है। उसने हरे काले रंग के रूमाल से पेड़ की शाखा पर फांसी लगाई है। उसकी उम्र करीब 35 साल के आसपास होने का अनुमान है।

# सुपारी व्यापारी से बदमाश ने की अड़ीबाजी, विरोध करने पर हवाई फायर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में रविवार रात एक बदमाश ने सुपारी के थोक व्यापारी के साथ अड़ीबाजी करते हुए हवाई फायर कर दिए। आरोपी अपने साथी के साथ व्यापारी की दुकान पर पहुंचा था, वहां व्यापारी से अवैध वसूली करने का प्रयास करने लगा। व्यापारी ने बदमाश का विरोध किया तो उसने धमकाने की नीयत से हवाई फायर कर दिया ड़ बदमाश ने कट्टे से दो फायर किए हैं। जानकारी के अनुसार मुलायम चंद्र जैन की सब्जी मंडी में दुकान है। वह सुपारी के थोक व्यापारी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया की रविवार रात दुकान पर थे। इस दौरान उनकी दुकान के पास गली में एक बिना नंबर की स्कूटर आकर रुकी। स्कूटर पर एक युवक बैठा हुआ था जबकि दूसरा युवक उनके पास पहुंचा। उसने अपना नाम रेहान उर्फ बिट्टू बताया और अड़ीबाजी करने लगा। कुछ देर तक जैन उसकी बातें सुनते रहे और फिर इसका विरोध करते हुए दुकान से



बाहर निकलने लगे। व्यापारी को बाहर निकलता देख आरोपी स्कूटर के पास पहुंचा और धारदार हथियार निकाल कर व्यापारी को धमकाने का प्रयास करने लगा। जब धारदार हथियार का भी व्यापारी पर कोई असर नहीं दिखा तो बदमाश अपने साथी के साथ स्कूटर से निकल गया। बदमाश सीसीटीवी फुटेज में हवाई फायर करते हुए और हाथ में हथियार लिए नजर आया है। व्यापारी मुलायम चंद्र जैन ने मंगलवारा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अड़ीबाजी का मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## संतजी के निर्वाण दिवस पर 102 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**हिरदाराम नगर.** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस (21 सितम्बर) एवं पुण्यतिथि पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय निःशुल्क ऑपरेशन करता है । इस वर्ष भी महाप्रयाण दिवस पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 102 रोगियों के मोतियाबिंद तथा अन्य प्रकार के नेत्र ऑपरेशन किये गये । इनमें 49 पुरूष तथा 53 महिला नेत्र रोगी शामिल है । अधिकत्तर नेत्र रोगी बाड़ी एवं बरेली क्षेत्रों के थे। उल्लेखनीय है कि सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय अपने स्थापना वर्ष 1987 से अब तक लगभग 35 लाख व्यक्तियों के नेत्रों की जांच कर चुका है।

**प्राण प्रतिष्ठा**



भोपाल, दोपहर मेट्रो। बरखेड़ा पठानी मद्रासी समाज द्वारा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया।

## पानी के गड्ढे में गिरी महिला, डूबने से मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित झागरिया इलाके में पानी के गड्ढे में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। महिला 9 फिट गहरे गड्ढे से पानी निकाल रही थी तभी पैर फिसल गया और उसमें डूबने से मौत हो गई। 35 वर्षीय मृतिका मंजू पारदी झागरिया में रहती थी।

# गुप्तेश्वर हनुमान मंदिर रखा जाएगा नाम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



नुक्कड़ वाली माता मंदिर में हनुमान लाल की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह 17 से 22 जनवरी तक साधु-संतों के सानिध्य में होगा। मंदिर का नाम गुप्तेश्वर हनुमान मंदिर नाम रखा जाएगा। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर रामप्रवेश दासजी एवं कार्यक्रम के आचार्य पंडित अनिल रूद्र महाराज जी के आशीर्वाद से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य सूत्रधार विश्व हिंदू परिषद के नेता विशाल पुरोहित, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा मुख्य यजमान होंगे। आयोजन समिति में विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्षद राजेश हिंगोरानी, अशोक मारण, भाजपा नेता सुशील वासवानी, संत गर्ल्स कॉलेज के डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी संस्कार स्कूल के बसंत चेलानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चंदवानी, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, राम ठाकुर, बजरंग सेना समिति, रमेश किसनानी सच्चा सौदा आयोजन में सम्मिलित होंगे।

फोटो- हनुमान

**मेट्रो एंकर**

### जीव सेवा संस्थान ने निगम कर्मियों को बांटे कंबल

# निगम सीएसआर फंडिंग से कर रहा नवाचार: महापौर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम अपने दायित्व के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े नवाचार कर रहा है, जो सीएसआर फंडिंग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जीव सेवा संस्थान के सेवा कार्य सराहनीय हैं। यह बात महापौर मालती राय ने कही। वे निगग जेएसस द्वारा नगर निगम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कंबल वितरण समारोह में बोल रही थीं। महापौर ने बताया कि भोपाल नगर निगम द्वारा कई नवीन परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिनमें नारियल से मेटिंग बनाना, पुराने कपड़ों से रस्सी तैयार करना, तथा प्लास्टिक से नए उत्पादों का निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। महापौर ने आगामी वर्षा ऋतु में नगर निगम के सफाई कर्मियों के लिए रेनकोट देने के लिए जीव सेवा संस्थान से सहयोग का अनुरोध किया। इस पर संस्थान ने हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**20 सालों से बांट रहे कंबल:** जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि लगभग 20 वर्षों से ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करने की सेवा निरंतर की जा रही है। यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो सड़कों पर, फुटपाथों पर, पुलों के नीचे, भवन निर्माण स्थलों पर और रेलवे प्लेटफॉर्म पर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यालयों और विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संगठनों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी कंबल वितरित किए जाते हैं।

**सामाजिक संस्थाएं जुड़ीं:** जरूरतमंदों को अन्य परोपकारी संस्थाओ द्वारा कम्बल का वितरण इस तरह किया गया। कंबल वितरण अभियान में देश भक्त युवा मंडल, भोपाल, अस्मिता वेलफेयर सोसायटी, भोपाल, ओम नमः सेवा ट्रस्ट, अहमदाबाद, रिया कल्याणॅ समिति, छिंदवाडा, जय शिवशक्ति एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, जाम नगर, परपीड़ा हर वेलफेयर सोसायटी, इंदौर, दुख्ख भंजन हॉस्पिटल, इंदौर, प्रेम प्रकाश सत्संग भवन, उज्जैन, वनवासी कल्याण परिषद , मध्य प्रदेश जुड़े।



**शासकीय कार्यों में सहयोग:** जीव सेवा संस्थान द्वारा शासकीय कार्यों में हमेशा मदद की जाती रही है। पूर्व में भी संस्थान ने शासकीय बालिका उ.मा. विद्यालय, संत हिरदाराम नगर भोपाल में 7 कक्ष और 1 सांस्कृतिक हॉल बनवाया था। इसके अतिरिक्त, शासकीय सिविल अस्पताल, संत हिरदाराम नगर में प्रसूति वार्ड की स्थापना की गई।मध्य प्रदेश बाल एवं महिला कल्याण विभाग के आग्रह पर कोविड-19 के दौरान माता-पिता (एकल या दोनों) को खोने वाले 61 बच्चों को 12 माह तक प्रतिमाह 2,000/- रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

# बच्चों को 'सेंटा क्लाज' बनने के लिए प्रेरित न करें स्कूल: देवानी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** बजरंग सेना समिति ने 25 दिसंबर 'क्रिसमस डे' स्कूलों में होने वाले कार्यक्रमों पर बयान जारी किया है। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कहा कि बच्चों को सेंटा क्लॉज बनने के लिए प्रतियोगिताएं होंगी, ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए छोटे बच्चों के प्रेरित नहीं करे। पर्व धर्म विशेष का है, किसी भी हिन्दू बच्चे को संटा क्लॉज प्रतियोगिता में भागीदार न बनाया जाए। देवानी ने कहा कि बच्चे तो भगवान का रुप होते हैं उन्हे जैसे बोला जाए वो वैसा करते हैं परन्तु एक शिक्षक, एक शिक्षिका होकर बच्चों के धर्म के साथ खिलवाड़ न करें।


11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024
जनकल्याण पर्व
1 वर्ष
मोहन यादव सरकार
काम लगातार-फैसले असरदार
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड
सागर गौरव दिवस
लाखा बंजारा झील सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण
विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन
एवं
24 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग के लिए ₹ 26 करोड़ राशि का अंतरण
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड
23 दिसम्बर, 2024 | अपराह्न 2:30 बजे
संजय ड्राइव रोड, सागर
D11132/24
"विकास एक सतत् प्रकिया है। इस प्रक्रिया में प्रयासों की निरंतरता का अपना महत्व है और प्रदेश सरकार यही कर रही है। प्रयास छोटे हों या बड़े, उन्हें लागू करने की इच्छा अपेक्षित परिणाम देती है। हम प्रदेशवासियों के सहयोग से ये परिणाम प्राप्त करें, यही हमारा प्रण है। विकास एवं सुशासन और प्रदेशवासियों की प्रगति एवं समृद्धि के लिये इस प्रण को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## संपादकीय

# अप्रिय याद के साथ समापन

संसद में स्वस्थ बहसों के हंमागों में गुम होने पर चिंता कई साल से जताई जा रही है। कमाल यह है कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही बहस के प्रति आग्रह जताते हैं लेकिन व्यवहार में इसके लिए वैसी शिद्दत कम नजर आती है। इसीलिये पिछले महीने की 15 तारीख से शुरू हुआ संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते-होते ऐसे विवाद, मुद्दे और टकराव के बिंदु छोड़ गया, जिसकी छाप आगे भी संसदीय कार्यवाही पर दिखते रहने के आसार हैं। हालांकि हंगामे से शुरू हुए सत्र में कुछ दिनों के बाद दोनों सदनों में गंभीर बहस के कुछ अच्छे पल भी आए, लेकिन ज्यादातर समय सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव ही हावी रहा और सत्र का अंत बहुत खराब दृश्यों के बीच हुआ। संविधान पर दोनों सदनों में चली लंबी बहस तीखी जरूर रही, लेकिन यह ज्यादातर शांतिपूर्ण रही और इसमें आरोप-प्रत्यारोप के साथ ही कई गंभीर मुद्दे भी उठे। जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के संविधान में निहित भारतीय परंपरा के शाश्वत तत्वों और आजादी की लड़ाई से मिली सीखों को रेखांकित किया, वहीं सत्ता पक्ष ने इमर्जेंसी काल की याद दिलाते हुए बताया कि संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन को देश ने कभी स्वीकार नहीं किया। इस बहस में दोनों पक्षों ने संवैधानिक पवित्रता के प्रति निष्ठा की वकालत की। संसद के इस सत्र के नाम एक यह रेकॉर्ड भी आया कि इतिहास में पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया गया। हालांकि यह प्रस्ताव उपसभापति ने तकनीकी और प्रक्रियागत वजहों से खारिज कर दिया, लेकिन इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की बढ़ती हुई दूरी जरूर रेखांकित हुई। यह प्रकरण भी इस बात के एक उदाहरण के ही रूप में दर्ज हुआ कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नजरिए में जो अंतर है, उसे पाटने की कोई खास कोशिश किसी तरफ से नहीं हो रही। विपक्ष के विरोधी रुख से अच्छी तरह वाकिफ होते हुए भी सरकार यह बिल लेकर आई, हालांकि इसे पास कराने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत फिलहाल उसके पास नहीं है। जाहिर है, इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजकर भी सरकार ने देशवासियों को यह संदेश देना जरूरी समझा कि इस मुद्दे पर वह कोई समझौता नहीं करने वाली। इस पूरे सत्र के दौरान दोनों सदनों में अदाणी और जॉर्ज सोरोस के सहारे सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हमले करने और संसद का कामकाज ठप करने को लेकर जैसे एक-दूसरे से होड़ करते रहे। फिर भी, आखिर के दो दिन संसद भवन में जिस तरह के दृश्य दिखे, उनकी शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर की गई गृहमंत्री की एक टिप्पणी पर विपक्ष ने तो संसद के अंदर और बाहर तूफान खड़ा करने में कोई कसर नहीं ही छोड़ी, सत्तापक्ष ने भी इसका जवाब देने में नए कीर्तिमान स्थापित किए। नतीजे धक्का-मुक्की, आईसीयू में भर्ती और एफआईआर के रूप में सामने आए, नेता प्रतिपक्ष पर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई गई तो उन पर सांसदों को धक्का देने के आरोप लगे। कई तरह की बहसबाजियां हुई उससे आमजन के मन में अच्छी छवि नहीं उभरतीं। कुल मिलाकर संसदीय लोकतंत्र के लिए यह सत्र दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा और आने वाले समय में सत्तापक्ष और विपक्ष कैसे इस दाग व अप्रिय याद को धो पाएगा, यह बड़ा सवाल है।

व्यक्ति को हमेशा परोपकारी रहना चाहिए। जिस तरह से फल आने पर वृक्ष झुक जाता है, बारिश के समय बादल झुक जाते हैं और संपति के समय सज्जन का स्वभाव नम्र होता है।

-तुलसीदास

## आज का इतिहास

- 1672- खगोलविद् जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की थी।
- 1902- किसानों के नेता के रूप में लोकप्रिय देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का उत्तर प्रदेश के हापुड़ में जन्म। इस दिन को देश में 'किसान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- 1914- प्रथम विश्व युद्ध में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची।
- 1921- विश्व-भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन।
- 1922- बीबीसी रेडियो से दैनिक समाचार प्रसारण शुरू।
- 1926- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, दलितों के हितैषी, स्त्री शिक्षा के समर्थक और आर्य समाज प्रचारक स्वामी श्रद्धानंद की हत्या।
- 1972- निकारागुआ की राजधानी मनागुआ में भूकंप ने लगभग दस हज़ार लोगों की मौत।
- 1995- हरियाणा के मंडी डबवाली में एक स्कूल के कार्यक्रम में आग लगने से 442 लोगों की मौत हुई थी।
- 2000- पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर कोलकाता किया गया था। तथा अविभाजित भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका नूरजहां का निधन हुआ था।
- 2008- सॉफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर विश्व बैंक ने प्रतिबंध लगाया था।
- 2019- दिल्ली के किराड़ी में तीन मंजिला मकान में आग लगने से नौ लोगों की मौत। तथा सऊदी अरब के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में पांच लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी।
- 1902- किसान नेता के रूप में लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, उनका जन्मदिन 'किसान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- 1899- प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, क्रान्तिकारी, पत्रकार और संपादक रामवृक्ष बेनीपुरी का जन्म ।
- 2010- कांग्रेस नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरन का जन्म।

## निशाना

### है आया आदेश !




-कृष्णेन्द्र राय

है आया आदेश ।
अब रहना तैयार ।।
अपने इस प्रदर्शन को ।
देना नई धार ।।
तत्परता से सबको ।
करना इस पर काम ।।
बचा यही बस रास्ता ।
पाने को मुकाम ।।
दमखम है दिखाना ।
ना सहन अपमान ।।
मुद्दे को भुनाने पर ।
कम होता नुकसान ।।
फेंकना है पासा ।
ऐसी घड़ी आन ।।
इस डगर पे शायद ।
जीत हो आसान ।।

# अंबेडकर के साथ कांग्रेसराज के दलित नरसंहार का ध्यान भी हो

■ आलोक मेहता



संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर संसद में ओर संसद के बाहर लगातार राजनीति के दौरान इस बात की याद नहीं दिलाई गई की कांग्रेस के सत्ताकाल में दलितों के नरसंहार कि कितनी गंभीर घटनाएं हुई । हाल के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी को अपने दलित वोट बैंक का कुछ हिस्सा वापस आता दिखाई दिया, इसलिए एसा लगता है की अगले वर्ष बिहार विधानसभा चुनाव के के दौरान पिछड़ों दलितों और मुस्लिमों को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके साथियों को डॉक्टर अम्बेडकर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति उनके सलाहकारों ने समझाई है । इसका एक कारण यह हो सकता है कि 1977 में बिहार के बेलछी दलित हत्या कांड के बाद श्रीमती इंदिरा गाँधी कठिन रास्ते से हाथी पर बैठकर किसी तरह गाँव में दलितों को सहानुभूति जताने गई थी और बाद में 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को दलितों सहित व्यापक समर्थन से सत्ता वापस मिली। लेकिन राहुल गाँधी की कांग्रेस और बिहार सहित देश की स्थिति बहुत बदली हुई है। राहुल गाँधी ने पिछले दिनों मुस्लिम वोट के लिए तनावग्रस्त संभल जाने का प्रयास किया,लेकिन सीमा पर रोके जाने के बाद अगले दिनों में वह दलित समुदाय को सहानुभूति जताने के लिए 2020 में हाथरस में दलित महिला से बलात्कार और हत्या की घटना पर शोक एवं सहायता की पहल के लिए पहुँच गए। इस तरह के राजनीतिक प्रयासों और अंबेडकरजी का नाम लेते रहने से क्या राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी बिहार में मुस्लिम और दलित वोट बैंक पर पुनः कबजा कर सकेगी ?

राहुल गाँधी के सलाहकारों ने संभवतः इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि बिहार के शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों परिवार कांग्रेस या लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल के सत्ता काल में दलितों के नर संहार की अनेक घटनाओं के घाव अब तक नहीं भूले हैं। बिहार को जानने समझने वाले नेता कर्यकर्ता या हम जैसे पत्रकार कांग्रेस के शासनकाल में बिहार में दलितों पर हुए अत्याचारों और नरसंहार की घटनाओं का उल्लेख भी कर सकते हैं। बेलछी और उससे पहले के काले अध्याय के बाद भी कई भयावह दलित हत्या कांड बिहार में हुए। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कुछ घटनाओं पर लालू यादव ने कांग्रेस की सरकार और नेताओं को दोषी बताया और दलितों पर अत्याचार एवं हत्या कांड के लिए कांग्रेस के प्रादेशिक ही नहीं केंद्रीय शीर्ष नेताओं ने लालू यादव की सरकार और समर्थक बाहुबली नेताओं को उत्तरदायी ठहराया था। इसका रिकॉर्ड उपलब्ध है। बेलछी के बाद उसी इलाके के पारसबीघा गाँव में जमीन पर कब्जे के लिए 6 फरवरी 1980 को एक साथ 14 दलितों को जिन्दा जला दिया गया। इसके बाद के वर्षों में कंसारा, दरमिया, नोनहि - नगवा, मलबरिया, बारा, जहानाबाद में हुए भयावह हत्या कांड के गवाह आज भी हैं। इन हत्या कांडों में राजनेताओं के प्रश्रय वाले अपराधियों के नाम सामने आते रहे। सरकार ने कार्र्वाई में ढिलाई की लेकिन सात वर्षों तक अदालती सुनवाई के बाद दलितों की हत्याओं के दोषी 34 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। जहानाबाद में 16 जून 1988 को हरिजन टोले में हुए नर संहार की घटना का विवरण सुनाने और सुनने वाले आज भी रोने लगते हैं। इन हत्याओं के कारण बिहार के कुछ इलाकों में कम्युनिस्ट, इंडियन पीपुल्स फ्रंट और नक्सल संगठनों का प्रभाव बढ़ता गया। वे कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार बताते रहे। तो कभी कांग्रेसी नेताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद को उत्तरदाई बताया।

जब बिहार के हत्या कांडों का जिक्र आएगा तो कांग्रेस के ही बड़े नेता भीष्मनारायण सिंह और सुबोधकांत सहाय के क्षेत्र पलामू को कैसे भुजलाया जा सकेगा ? भीष्म बाबू अब नहीं रहे और कुछ वर्ष जीवित रहते हुए दस जनपथ के दरवाजे उनके लिए बंद हो गए थे।



लेकिन वे और सुबोधकांत सहाय लालू यादव के सत्ता काल के दौरान पलामू इलाके में हुई हिंसा अत्याचार हत्या काण्ड पर आक्रोश व्यक्त करते रहे। राहुल गांधी लालू तेजस्वी यादव के साथ गठबंधन से जातिवाद के आधार पर बिहार का अगला विधान सभा जीतने का सपना देख रहे हैं, उन्हें लालू राज के दौरान उनके अन्य कम्युनिस्ट समर्थकों द्वारा 20 दिसम्बर 1991 को प्रकाशित 42 पेज की वह रिपोर्ट पढ़ लेनी चाहिए है या मैदान में उनके विरोधी लोगों को पढ़वा देंगें। इस रिपोर्ट में पुरे ब्योरेवार गिनाया गया है कि बिहार में किस तरह दलितों और पिछड़े वर्ग के गरीब असहाय लोगों को अंधाधुंध गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारा गया। इस रिपोर्ट के तीन दिन बाद 23 दिसम्बर 1991 की रात गया जिले के बेलागंज तथा टेकारी थाना क्षेत्र के दो गांवों मीन और बरसा में दस भूमिहीन दलितों को उनके घरों से बाहर निकालकर मौत के घाट उतार दिया था। राहुल गाँधी को मांसाहारी भोजन बनाने का पाठ पढ़ाने वाले लालू यादव मुख्यमंत्री के रुप में 13 नवम्बर 1991 को बेलागंज गए थे तब लालू यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया था कि जहानाबाद के कांग्रेसी सांसद किंग महेंद्र के संरक्षण में ऊंची जाति वाले अपराधी तत्व जहानाबाद और गया जिलों में दलितों की हत्या करके कहर बरसा रहे हैं। तब गैर सरकारी टी वी चैनल या सोशल मीडिया नहीं था। प्रिंट मीडिया में इसका रिकॉर्ड मिल सकता है। हाँ प्रिंट में लालू के कारनामे प्रकाशित करने पर हम जैसे पत्रकारों के प्रेस पर पटना में लालू समर्थकों के हमलों का रिकॉर्ड भी उपलब्ध है। वी पी सिंह के सत्ता काल में भर्ती जयराम रमेश तब कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं हुए थे। इसलिए वह अब कैसे राहुल गाँधी को उन तथ्यों की जानकारी दे सकते हैं । तत्कालीन कांग्रेसी नेता जरुर लालू के आरोपों का खंडन करते थे। उस समय कांग्रेस का आरोप था कि दियारा क्षेत्र में लालू यादव दलित हत्या कांडों से जुड़े अपनी जाति के अपराधियों को सम्मानित कर पार्टी में नेता बना रहे हैं।




बिहार में दलितों पर अत्याचार से जुड़े कांग्रेसी नेता के संदर्भ में एक और तथ्य मेरी जानकारी में रहा है। इंदिरा राजीव गाँधी सत्ता काल के कांग्रेस के एक बाहुबली नेता पार्टी के लिए बिहार में फंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। जब वह लोक सभा का चुनाव नहीं जीत सके तो कांग्रेस सरकार ने 1993 में उन्हें राज्य सभा के नामजद सदस्य बनाए जाने की सिफारिश की। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा ने पहले इस प्रस्ताव की फाइल सरकार को अस्वीकार कर पुनः विचार के लिए वापस भेज दी। लेकिन सरकार ने दुबारा उसी नाम के साथ एक और रिक्त स्थान पर प्रसिद्द अभिनेत्री वैजयंती माला को भी राज्य सभा में नामजद करने की सिफारिश की। डॉक्टर शर्मा दुबारा दुबारा विवादस्पद नेता के नाम की सिफारिश आने पर दुखी भी हुए। डॉक्टर शर्मा ने एक अनौपचारिक बातचीत में स्वयं मुझे बताते हुए कहा था किसंवैधानिक प्रावधानों के तहत प्रधान मंत्री और मंत्रिमंडल की कोई सिफारिश या प्रस्ताव दुबारा आता है तो राष्ट्रपति को उसे स्वीकारना ही होता है। इसलिए इस नाम पर मुझे स्वीकृति देनी पड़ी। डॉक्टर शर्मा स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे थे और पार्टी के लोगों और उनके स्वार्थों को भी ाची तरह जानते थे। बहरहाल, उस प्रभावशाली नेता पर गंभीर आरोप सिद्ध भले ही नहीं हुए हों, लेकिन उन्हें देश के सर्वोच्च सदन में नामजद करने के कांग्रेस के निर्णय को क्या दलितों पर अत्याचार के आरोपी को सम्मानित करने के रुप में नहीं माना जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि नामजद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वही नेता कांग्रेस तथा अन्य दलों के समर्थन से राज्य सभा में चुनकर भी आते रहे। इसलिए अंबेडकर, संविधान, पिछड़ों और दलितों के नाम पर राजनीति करते हुए राहुल गाँधी और उनके सहयोगियों को अपना राजनीतिक बहीखाता भी देख लेना चाहिए

**( : लेखक पद्मश्री प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार हैं। )**

# तन-मन रोगों के उपचार को वैश्विक मान्यता

■ हिमालय सिद्ध अक्षर

भारत की सदियों पुरानी मानव कल्याण की विधा ध्यान के महत्व को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जो इसके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्व की स्वीकार्यता को ही दर्शाता है। निश्चित रूप से आज सामाजिक विकृतियों से ग्रस्त समाज में ध्यान से जहां जागरूकता और आत्म मूल्यांकन का विकास होता है वहीं मानवीय मूल्यों का पोषण भी।

आज जीवन की बढ़ती जटिलताओं और भागमभाग की जिंदगी में ध्यान एक परिवर्तनकारी अभ्यास के रूप में उभरा है। निश्चित रूप से ध्यान मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही वजह है कि वैश्विक शांति और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में ध्यान के सार्वभौमिक महत्व को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर की विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषणा करके ऐतिहासिक निर्णय लिया है। हाल के वर्षों में कोराना संकट के बाद महसूस किया गया कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान बेहद उपयोगी साबित हुआ है। तनाव और चिंता से ग्रसित इस युग में, आधुनिक मनोवैज्ञानिकों के लिए चुनौती बने हुए कई रोगों के लिए यह प्राचीन प्रथा एक शक्तिशाली उपचार प्रदान करती है। नियमित ध्यान अभ्यास से व्यक्तियों का तनाव कम होता है, नकारात्मक सोच का चक्र टूटता है, आंतरिक शांति को विकसित करने की क्षमता उजागर होती है।



हालिया अनेक वैज्ञानिक शोधों ने व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान के गहरे प्रभाव को दर्शाया है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों से पता चलता है कि लगातार ध्यान करने से मस्तिष्क सक्रिय होता है। मस्तिष्क में स्थित 'अमिगडाला' की सक्रियता को कम कर सकता है- यह वो क्षेत्र है जो भय और तनाव प्रतिक्रियाओं हेतु जिम्मेदार है। इस न्यूरोप्लास्टिकिटी का मतलब है कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों में व्यक्ति के प्रतिक्रिया देने के तरीके को मौलिक रूप से बदल सकते हैं। डिप्रेशन मैनेजमेंट एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां ध्यान उल्लेखनीय क्षमता दिखाता है। अध्ययनों से पता चला है कि ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) के द्वारा मध्यम स्तरीय डिप्रेशन का औषधीय उपचार जितना ही प्रभाव हो सकता है। विचारों को गहराई से देखने की क्षमता विकसित होने के कारण ध्यान घातक मानसिक पैटर्न को तोड़ने में मददगार है और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

ध्यान का वास्तविक लाभ, तनाव कम करने से बहुत अधिक है। वैज्ञानिक शोध से संकेत मिलता है कि नियमित ध्यान अभ्यास मस्तिष्क की संरचना को शारीरिक रूप से बदल सकता है, विशेष रूप से स्मृति, शिक्षा और भावनात्मक संतुलन से जुड़े क्षेत्रों में। ध्यान करने वाले व्यक्ति गहरी एकाग्रता, बेहतर रचनात्मकता और परिष्कृत समस्या-समाधान कौशल विकसित होने की पुष्टि करते हैं। कामकाजी लोगों और छात्रों के लिए, ध्यान फोकस और मानसिक स्पष्टता में सुधार के लिए एक प्राकृतिक तरीका है। मन को एकाग्र रखने व व्याकुलता को कम करने हेतु प्रशिक्षित करके, व्यक्ति बेहतर कार्य कर सकते हैं। ध्यान का प्रभाव केवल मानसिक प्रक्रियाओं तक ही सीमित नहीं है; यह शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है। कई चिकित्सा अध्ययनों ने विभिन्न शारीरिक प्रणालियों पर इसके सकारात्मक प्रभावों का प्रमाण दिया है। नियमित अभ्यासकर्ताओं को निम्न रक्तचाप, बेहतर प्रतिरोधक क्षमता और शारीरिक सूजन में कमी का अनुभव होता है। नियमित ध्यान अभ्यास से हृदय पर होने वाले प्रभाव विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। तनाव कम करके और शिथिलता को बढ़ावा देकर, ध्यान हृदय पर प्रभाव डालने वाले कई कारकों को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इसे श्वसन क्रिया में सुधार और समग्र शारीरिक लचीलेपन से भी जोड़ा गया है।

ज्ञान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है बेहतर नींद का आना। अनिद्रा के इस युग में, ध्यान एक प्राकृतिक समाधान प्रदान करता है। तंत्रिका तंत्र को शांत करके और मानसिक तनाव को कम करके, यह व्यक्तियों को आसानी से निद्रा में जाने और आरामदायक, बेहतर शयन का आनंद लेने में मदद करता है। इतना ही नहीं गंभीर दर्द से पीड़ित लोगों को ध्यान के माध्यम से महत्वपूर्ण राहत मिली है। मस्तिष्क दर्द संकेतों को संसाधित करके,यह अभ्यास दर्द की धारणा को कम कर सकता है और दर्द की सहनशीलता में सुधार लाता है। यह पारंपरिक चिकित्सा के साथ मूल्यवान सहायक के रूप में कार्य करता है।

ध्यान के सबसे प्रभावशाली लाभों में से एक इसकी भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ाने की क्षमता है। नियमित अभ्यासकर्ताओं में बढ़ी हुई आत्म-जागरूकता, बेहतर सहानुभूति और अधिक परिष्कृत भावनात्मक संतुलन विकसित होता है। ये कौशल बेहतर रिश्तों, व्यक्तिगत और व्यावसायिक बातचीत के लिए अधिक उदार दृष्टिकोण में तब्दील होते हैं। ध्यान का असली सौंदर्य इसकी सुगमता में है। कई स्वास्थ्य प्रथाओं के विपरीत, ध्यान के लिए किसी विशेष उपकरण, महत्वपूर्ण वित्तीय निवेश या व्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती। प्रतिदिन 10-15 मिनट भी सार्थक परिणाम दे सकते हैं। प्रकृति की लय के साथ तालमेल बिठाकर, अभ्यासकर्ता संतुलन, शांति और आध्यात्मिक सद्भाव विकसित कर सकते हैं।

**(साभार : लेखक अंतर्राष्ट्रीय ख्यात योग गुरु हैं।)**

# शिक्षा अधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है महंगाई भत्ते का भुगतान

**शिक्षा विभाग की परामर्श दात्री बैठक में कई समस्याओं को रखा**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक शत्रुघ्न प्रताप सिंह बिसेन की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अधिकांश समस्याओं का हल संकुल प्राचार्य एवं संबंधित लिपिक को फोन लगाकर किया गया। कर्मचारी संगठनों द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला शिक्षकों को 12 एवं 24 वर्ष की क्रमोन्नति के संबंध में बताया गया कि प्रस्ताव विकासखंड शिक्षा अधिकारी से चाहे गए हैं 40 कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली के संबंध में भी मुद्दा उठाया गया, जिनकी सी आर गलत लिखी गई है। संकुल केंद्र बालक एवं कन्या शोभापुर से



क्रमोन्नति प्रस्ताव नहीं भेजे गए हैं। उन्हें तत्काल बुलाया जाए संकुल केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघवाड़ा के शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया है। प्राचार्य बघवाड़ा को निर्देशित किया कि 31 दिसंबर 24 तक भुगतान कराया जाए शिक्षकों के अवकाश लेखा संधारित नहीं हो पा रहे हैं बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार 15 दिवस कलेक्टर एवं उससे अधिक विभाग अध्यक्ष को अधिकार है। धन्नालाल धुर्वे का संविलियन संविदा हेतु डीपीसी कार्यालय से होना है, आवश्यक कार्रवाई हेतु लिखा गया। श्रीमती किरण गौर का चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान हेतु संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल संभाग को पत्र लिखा जाना है। नेशनल पेंशन स्कीम स-2 फॉर्म में नाम संशोधन करने हेतु फार्म भरवाया जाना आवश्यक है जो कि स्वयं की लोगों से नॉमिनेशन कराना है या संशोधन करना है। जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी परामर्श दात्री की बैठक एक सप्ताह में कराकर जिला कार्यालय को अवगत करावे. चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान विकासखंड शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के द्वारा नहीं किया जा रहा है तथा सोहागपुर में 4त्र महंगाई भत्ते से 600 कर्मचारी प्रभावित है। एक सप्ताह में कार्यवाही पूर्ण की जाए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह 1 तारीख को वेतन दिया जाए। लिपिक वर्गी कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उच्च पद का प्रभार नहीं दिया जा रहा है। शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाए। कर्मचारियों का वेतन निर्धारण कोर्स लेखा एवं पेंशन भोपाल को भेजा जाना है। इसकी जानकारी समस्त बीईओ को देना है। बैठक में सहायक संचालक अमित माडेकर, बीईओ सोहागपुर रामभरोस चौधरी, भुवनेश्वर दुबे, राजेश चौरे, शैलेंद्र तोमर, अरविंद तिवारी, राम मोहन रघुवंशी, महेश विश्वकर्मा, उमेश ठाकुर, मधु हुरमाडे, मलिक पटेल, संजय गौर, अभिमन्यु भदौरिया, नवीन पटेल, सुंदर नारायण शर्मा, विनोद मालवीय, राजन सिंह रघुवंशी, रामगोपाल उईके, नीतिराज सिंह ठाकुर, संतोष शर्मा, रामगोपाल पटेल आदि उपस्थित थे।

## जबलपुर में 33वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# नर्मदापुरम जल संसाधन विभाग के प्लेयर बने व्हालीबॉल विजेता

**शूटिंग बॉल केरम शतरंज में उपविजेता का पुरस्कार भी प्राप्त किया**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 33 वीं अंतर क्षेत्रीय ( राज्य स्तरीय ) खेल प्रतियोगिता जबलपुर के रानी ताल खेल परिसर में संपन्न हुई ।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष बसारत खान प्रभारी महेंद्र उगले सचिव हेमंत अजनेरिया के नेतृत्व में नर्मदापुरम क्षेत्र के खिलाडियों ने खेलों में शानदार प्रदर्शन किया. क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान ने बताया वॉलीबॉल में नर्मदा पुरम ने रीवा को हराकर विजेता का खिताब जीता. प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं बेस्ट शूटर का पुरस्कार नर्मदापुरम के दीपक चौरे को प्रदान किया. शूटिंग बॉल में नर्मदापुरम और इंदौर के मध्य फाइनल मुकाबले में नर्मदा पुरम उपजेता बना. शूटिंग बाल में



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फाइनल का पुरस्कार जयंत मालवीय को प्रदान किया.

महिला वर्ग केरम में कंचन बीसोने उप विजेता बनी. दिव्यांग वर्ग में बीके पाठक शतरंज में उपविजेता रहे. केरम में राजेश सिंह बेस को उपजेता का पुरस्कार प्रदान किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. जल संसाधन विभाग नर्मदा पुरम के खिलाड़ियों की

इस उपलब्धि पर संरक्षक एवं मुख्य अभियंता राजाराम मीणा ट्रस्टीअधीक्षण यंत्री कुमकुम पटेल अजय वर्मा कार्यपालन यंत्री अंकित सराफ विपिन बामनकर जय श्री कटारे प्रतिभा सिंह डीके सिंह के आर भूमरकर एसके चौबे सहित क्लब के क्षेत्रीय सलाहकार विनय पांडे समन्वयक विजय मसाने उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपूत अशोक शर्मा जिला अध्यक्ष मेघा बंसल मौसम पोरते वैभव दुबे बसु वेरिव सह सचिव पंजाबराव रेवा शंकर सन्तोरी अनुराग पटेल सतीश मसाने मनोज बागमर ने खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी ।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एच आर चौहान सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण जबलपुर विशिष्ट अतिथि डीएल वर्मा मुख्य अभियंता विशेष अतिथि ए के डेहरिया उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रांत अध्यक्ष मनीष मांडलिक ने की. कार्यक्रम का सफल संचालन प्रांतीय महासचिव मुईन उद्दीन कुरैशी ने किया.

क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर शक्ति ठाकरे प्रभारी पीके जैन आयोजक कार्यपालन यंत्री संगीता दिवाकर ने सफल आयोजन किया. लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता की चैंपियन ट्रॉफी जबलपुर ने जीती अंत में 34 वी खेल प्रतियोगिता हेतु रीवा क्षेत्र के अध्यक्ष निमेष गोस्वामी को क्लब का प्रांतीय ध्वज अतिथि द्वारा प्रदान किया गया. इस अवसर पर प्रांतीय संरक्षक प्रवीण शर्मा पूर्व अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव संयोजक दिनेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल अंकेक्षक अवधेश भटनागर मंचासीनं थे।आभार व्यक्त प्रदीप जैन ने किया

### चाणक्य कप विल्स क्लब ने अपने नाम किया



**इटारसी।** आचार्य चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति के तत्वावधान में खेली गयी आचार्य चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में इस वर्ष विल्स क्लब यादव समाज ने पिछले वर्ष की विजेता अखंड भारत निर्माता कुर्मी समाज की टीम को हराकर विजयी ट्रॉफी उठायी। टॉस जीतकर अखंड भारत निर्माता ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विल्स क्लब ने 93 रन का स्कोर बनाया। जवाब में खेलते हुए अखंड भारत निर्माता की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। विल्स क्लब ने 23 रनों से यह मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच मुकेश यादव रहे। समापन समारोह में ट्रेड कमिश्नर इंडिया कॉमनवेल्थ ट्रेड काउंसिल पीयूष तिवारी, विशिष्ट अतिथि मोहनीश मिश्रा राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी, पूर्व कप्तान मप्र रणजी टीम, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष हेमंत शुक्ला, संभागीय संयोजक सर्व ब्राह्मण समाज शिवाकांत पांडेय, संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के संभागीय सचिव अनुराग मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीलम गांधी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार वितरित किये।

# ट्रेन में यात्रियों के जेवर और मोबाइल चुराने वाला युवक जीआरपी की गिरफ्त में



**गिरफ्तारी के बाद बदमाश से 2.20 लाख रुपए के माल जीआरपी ने किया बरामद**

**इटारसी , दोपहर मेट्रो**

ट्रेन यात्रियों के मोबाइल और जेवर चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह आरोपी ट्रेन में सफर के दौरान नींद में बेसुध यात्रियों के जेवरों और मोबाइलों पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो जाता था। यह युवक जीआरपी थाना इटारसी में पहले से दर्ज चोरी के एक मामले में जांच के दौरान पुलिस के हाथ लगा। पूछताछ में उससे करीब 2 लाख 20 हजार रुपए का माल बरामद किया गया है।

जीआरपी ने जिस युवक को पकड़ा है उस आरोपी का नाम अरशद उर्फ गबरू है, जो 18 साल का है और इटारसी के नेहरुगंज का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह रात में ट्रेनों में सोते हुए यात्रियों के मोबाइल और जेवर चोरी करता था। उसके घर से पुलिस ने 5 मोबाइल फोन और सोने के जेवरात बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये है। आरोपी को जीआरपी थाना इटारसी में दर्ज अपराध क्रमांक 831/24 धारा 305(सी) बीएनएस और 06/24 धारा 35(1-ड) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के निर्देश पर जीआरपी पुलिस इटारसी द्वारा सतत चेकिंग, गश्त ड्यूटी और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को आरोपी के बारे में सूचना मिली, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में जीआरपी थाना इटारसी के निरीक्षक रामस्नेह चौहान, उपनिरीक्षक आरएस बकोरिया, प्रारंभिक आरक्षक कृष्णकुमार, आरक्षक दीपक सेन, आरक्षक अखिलेश, आरक्षक सुमित, आरक्षक विष्णुमूर्ति और आरक्षक अमित की सराहनीय भूमिका रही।

# सांसद की उपस्थिति में विद्यार्थियों को स्कूली शूज वितरित किए

**6से 12वीं कक्षा की छात्राओं को मिला लाभ**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय सी एम राइज विद्यालय सुखतवा में रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल द्वारा विद्यालय की कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं को 361 जोड़ स्कूल शूज वितरण किए गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित रहे। सांसद द्वारा शूज वितरण के साथ ही विद्यालय के बच्चों से उनके भविष्य को लेकर सकारात्मक चर्चा भी की गई। विद्यालय के बच्चों ने सांसद से मांग की हमें खेलने के लिए खेल सामग्री



चाहिए। जिसकी उन्होंने सहर्ष स्वीकृति की घोषणा भी की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे । साथ ही रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल से संरक्षक डॉ. वैभव शर्मा, अध्यक्ष अनुपम दुबे, सचिव अंकित गिल्ला, वरिष्ठ सदस्य विपिन जैन, प्रदीप गिल्ला , महावीर जैन, अमन फौजदार, आमीन राईन , अभिषेक दुबे , शैलेंद्र चौकसे, शिवम बोहरे , प्रशांत नागर , शाहनवाज उलहक , शिवम चौकसे व रोटरी क्लब इटारसी से सहायक मंडल अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल एवं रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य दीपक जैन उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप राजपूत द्वारा रोटरी क्लब नर्मदापुरम ने सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## कलश यात्रा के साथ पहले दिन की कथा सम्पन्न

**इटारसी।** सूरजगंज स्थित सरला स्मृति मंगल भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया, रविवार को ढोल बाजे के साथ सूरजगंज चौराहा दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा का वाचन बनखेड़ी के प्रसिद्ध पंडित मोहन बाबू शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।कथा के पहले दिन पंडित मोहन बाबू द्वारा शिव अमर कथा, नारद संवाद, गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई। कथा में सहयोग में पंडित रुपेश व्यास, पंडित सुनील व्यास, पंडित राजेश चौधरी, रवि भार्गव, रितेश व्यास रहे। कथा का आयोजन मेहतो परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# ग्राहक जागरण पखवाड़ा अंतर्गत ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर शाला नर्मदापुरम एवं शासकीय कन्या शाला जुमेराती में ग्राहक जागरण पखवाड़ा के तहत ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट आदि से बचाव, उपभोक्ता के अधिकार, उपभोक्ता फोरम के संबंध में जानकारी दी । साथ ही सभी विद्यार्थियों को सभी अपराधों तथा शिकायत करने के लिए मोबाइल नंबरों से अवगत कराया । साथ ही एमआरपी पर हो रहे भ्रष्टाचार के संबंध में जानकारी दी । एमआरपी बहुत बड़ा धोखा है जिससे सतर्क करने के संबंध में जागरूकता की जरूरत है । जिसमें मुख्य वक्ता



अनिल श्रीवास्तव प्रांत सह संगठन मंत्री अभा ग्राहक पंचायत जिले के अध्यक्ष माधव हर्णे अधिवक्ता द्वारा कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया तथा सभी कार्यक्रम में दोनों ही शालाओं की प्राचार्य श्रीमती अर्चना मिश्रा एवं श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया की गरिमामई उपस्थिति रही एवं शाला का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों तथा उपस्थित जनों को ग्राहक संबंधी अधिकारों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजय वर्मा द्वारा किया गया, अंत में आभार जिला सह सचिव शेखर पाल एवं पर्यावरण आयाम प्रमुख ऋतिक नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया। जिला अध्यक्ष माधव हर्णे ने बताया कि सोमवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पखवाड़ा के तहत शहर के सर्वाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया जायगा । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे।

**मेट्रो एंकर** राजेश पाराशर द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणितखेला का आयोजन

# खेला में आनंद से खिलखिलाए बच्चे, गणित पढ़ा नहीं बल्कि खेला

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

दशकों से गणित को सबसे कठिन विषय माना जाता रहा है । बोझिल माने जाने वाले गणित विषय को आनंद के साथ जोड़ने के लिये बृहस्पति साइंस नेटवर्क के डायरेक्टर राजेश पाराशर ने खेल , पहेलियां और कहानियों का इस्तेमाल करते हुये गणितखेला का आयोजन किया । गणित के जादूगर माने जाने वाले भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाये जाने वाले राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आयोजित इस



कार्यक्रम में बच्चों ने जब गणित के खेल खेले तो वे कठिन माने जाने वाले गणित का गुणगान करने लगे ।

जुझारपुर के आदिवासी विकास विभाग के स्कूल के बच्चों ने 400 वर्ग फीट की रामानुजन मेजिक स्केवर में 16 बॉक्स में अंको को इस प्रकार समायोजित किया कि हर पंक्ति या कॉलम या कर्ण की संख्या का योग 139 ही आया । यहां तक कि कोने के चार अंकों या बीच के 4 अंको को जब जोड़ा गया तब भी महायोग 139 ही था । राजेश पाराशर ने बताया कि मेजिक स्केवर की पहली लाईन में रामानुजन की जन्म तिथि 22 दिसम्बर 1887 को अंकों में लिखा गया था । इस प्रयोग के बाद बच्चों एवं शिक्षकों ने अपनी स्वयं की जन्मतिथि के आधार पर भी मेजिक स्केवयर में अंक लिखकर इस चमत्कार को दिखाया ।

गणितखेला में ई बी बी गांधी , एम एस नरवरिया निर्णायक के रूप में थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल देहरी डिपों के अधिकारी निशांत यादव उपस्थित थे । कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ओ पी चौरे के साथ अन्य शिक्षक उपस्थित थे । कैलाश पटेल तथा हरीश चौधरी ने सहयोग किया । इस कार्यक्रम में गणित को जीवन की स्थितियों से जोड़ने के बारे में संदेश दिया गया

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओ की बैठक कर संगठन विस्तार के लिए सुझाव लिए



तेंदूखेड़ा। नगर के वर्धमान गार्डन में जबेरा विधानसभा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव चंदन यादव, जिला प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव जिला अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमे राष्ट्रीय सचिव श्री यादव ने कार्यकर्ताटो से वन टू वन चर्चा कर संगठन विस्तार के लिए सुझाव मांगे गए। जिसमें कार्यकर्ताओ ने बूथ स्तर तक के सुझाव दिए साथ ही उन्होंने कहा कि में आप सब के सुझाव राष्ट्रीय नेतृव तक पहुचाने के लिए आया हु में हमेशा आप लोगो के बीच रहुगा। पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि हमे जिला से मंडलम बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी ने आपके बीच भेजा है में आपकी हर लड़ाई में आपके साथ हूं। जिला अध्यक्ष रतन चंद जैन एव पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने भी अपने सुझाव दिए साथ ही पूर्व विधायक ने कहा कि में कार्यकर्ता की हर लड़ाई सुख दु:ख में आपका साथी रहा हूं हमेशा आपके बीच रहूगा और संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

# दीकनाखेड़ा में दो पक्षों में विवाद के बाद 6 दिनों से दो पुलिसकर्मी तैनात सरकारी तालाब की जमीन को बताया जा रहा विवाद का मुख्य कारण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

दीपन खेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम दीकाना खेड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद गांव शांति बनाने के लिए 6 दिनों से दो पुलिसकर्मी दिन-रात तैनात हर गतिविधि पर है लोग नजर रखे हुए हैं दोनों पक्षों से जुड़े लोगों के बीच पहले भी विवाद हो चुका है इस वजह से पुलिस पूरी तरह से मुस्तेद हैं। इसी बीच एक वीडियो भी वायरल वायरल हो रहा है जिसमें दो लोगों को रात्रि में कई मिलकर लाठियां से मारपीट कर रहे एक व्यक्ति मारपीट करने के दौरान वीडियो बनाने की भी बोल रहा है यह व्यक्ति मारपीट करने वालों में शामिल हैं।

इधर मारपीट की घटना के बाद दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हुई है। एक तरफ से फरियादी नीरज शर्मा है उनकी रिपोर्ट पर सुमित शर्मा सहित नौ लोगों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है ।जबकि नीरज शर्मा दीपना खेड़ा पुलिस की गुंडा लिस्ट में हैं इस पर 8 मामले चल रहे हैं। दूसरी तरफ से फरियादी सरपंच का भतीजा है सुमित शर्मा है उसकी रिपोर्ट पर नीरज शर्मा सहित पांच लोगों मारपीट की धाराओं मे मामला दर्ज किया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाने के लिए दो पुलिस करने 24 घंटे ड्यूटी कर रहे हैं दोनों पक्षों के अच्छे-अच्छे लोगों पर बाउंड ओवर की करवाई की जा रही है हर गतिविधि पर हम नजर रखे हुए।

### विवाद का कारण सरकारी तालाब की भूमि

दोनों पक्षों के बीच में विवाद की मुख्य करण गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करके खेती करने को लेकर है प्रशासन के जिम्मेदारी बनने के कारण पहले थोड़ी जगह में कब्जा किया जाता है। इनके कब्जे से जमीन को छुड़ाने के लिए पटवारी से लेकर अन्य अधिकारियों के द्वारा समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती इस वजह से दबंग लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं इनके द्वारा लंबे समय से सरकारी जमीन पर कब्जा करके खेती काम किया जाता है। अब कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा सरकारी जमीन को अतिक्रमण धारियों से खाली करवाने का काम किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि गांव में दो पक्षों में बड़ा विवाद हो गया सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज शर्मा के द्वारा तालाब की जमीन पर खेती करने काम किया जाता है। पिछले दिनों सरकारी तालाब में खेती करने की शिकायत तहसीलदार से लेकर अन्य अधिकारियों से की गई है। शिकायत का शंक नीरज शर्मा को सुमित आदि पर है इसी बात को लेकर मैं पहले गाली गलौज कोई फिर नौबत मारपीट पर आ गई।



### इनका कहना है

विवाद के बाद गांव में शांति व्यवस्था बनाने के लिए दो पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी दे रहे है हर गतिविधि नजर बनाए हुए हैं दोनों पक्षों की ओर क्रॉस केस दर्ज किया एक तरफ से 5 पर मामला है तो एक तरफ से 9 लोगों के नाम शमिल है।

**-अनुज प्रताप सिंह** थानाप्रभारी दीपना खेड़ा

यदि सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जा है तो मैं दिखवाता हूं।

**-संजय चौरसिया** तहसीलदार

## ड्रेनेज प्लान तैयार : जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

# 1.65 करोड़ से बनेंगे शहर के तीन नाले, जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शहर में बारिश के दिनों में विभिन्न जगहों पर होने वाली जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर नगर पालिका ने ड्रेनेज प्लान तैयार कर निर्माण कार्य की स्वीकृति दे दी है। जिसके तहत तीन पक्के नाले निर्माण होंगे। इन नालों के निर्माण से पूर्व शनिवार को ठेकदार के साथ नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू ने उक्त तीनों नालों का निरीक्षण कर नपा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अध्यक्ष मनमोहन साहू ने बताया कि सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयासों से शहर की सबसे बड़ी समस्या जल भराव से अब लोगों को निजात मिलेगी। विगत वर्षों में कई बार देखने को मिला है कि बारिश के मौसम में शहर की कई बस्तियों में नाले ओवरफ्लो होने के कारण बस्तियों में पानी भर जाता था। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पूर्व में विधायक उमाकांत शर्मा ने उक्त नालों का औचक निरीक्षण भी किया था उसी समय निर्माण के लिए दिशा निर्देश दिए थे, जिसके बाद नपा ने प्रस्ताव पास कर राशि स्वीकृत कर दी है, साथ ही एक-दो दिन में इन नालों का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी उचित व्यवस्था एवं रूपरेखा के लिए आज हमने बनने वाले नालों की जगह का निरीक्षण कर स्थानीय कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं स्थानीय लोगों से चर्चा कर कहा है कि यदि किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कमी होती दिखाई देती है तो तत्काल नपा को सूचना करें, क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है लोगों का जागरूक होना उतना ही जरूरी है जितना निर्माण एजेंसी का काम करना । वहीं उन्होंने बताया कि एक करोड़ 65 लाख की लागत से इन तीन नालों का निर्माण होगा। जिससे यह तीन बरसाती नाले बनकर तैयार होंगे। आगामी मानसून सीजन में इन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।



एक करोड़ 65 लाख से इन तीन नालों का होगा निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा एक करोड़ 65 लाख से शहर के वार्ड नंबर 10 छतरी चौराहे से कस्टम पथ, वार्ड नंबर एक मंडी बाईपास रोड पर एचडीएफसी बैंक के पास एवं वार्ड नंबर 18 टॉकीज चौराहे से केथन नदी तक साढ़े तीन फीट चौड़ा नाले का निर्माण सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। वही जानकारी के अनुसार इन नालों के निर्माण होने के बाद शहर के लोगों को मानसून सीजन में जल भराव की समस्या से स्थाई समाधान हो जाएगा। नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि बारिश के मौसम में इन नालों में गंदगी और कचरा उस जाने के कारण कई बार निचली बस्तियों में पानी भर जाता था। जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी। कई बार घरों में भी पानी चला जाता था इनके निर्माण होने से अब इन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी साथ ही गंदगी से भी शहर के लोगों को अब किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

### इनका कहना है

छतरी चौराहे से कस्टम पथ तक बनने वाले इस नाले से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कई बार बारिश के दौरान लोगों के घरों में पानी भी भर जाता था। पक्के नाले निर्माण के बाद बड़ी राहत हम लोगों मिलेगी। इसकी मांग हम कई वर्षों से कर रहे थे।

**-राकेश शर्मा**, व्यापारी छतरी चौराहा

मंडी सीजन के दौरान कई बार खुला नाला होने के कारण हादसे हो चुके हैं। इसके अलावा खुला नाला एवं चौड़ा होने के कारण दिन भर जाम लगा रहता था। यह स्थानीय लोगों की बहुत पुरानी मांग थी, नाला निर्माण होने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी एवं जाम से भी निजात मिलेगी।

**-शैलेंद्र रघुवंशी**, स्थानीय दुकानदार

## ऐसे होता है शासन के पैसे का दुरुपयोग

# दो साल पहले बनाई सड़क को खोद कर बनाई जा रही पुलिया



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शासन की राशि का किस तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है। इसकी तस्वीर शहर में आए दिन देखने को मिलती है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में हो रहा है। शहर में तो अधिकांश गए ऐसी तस्वीरें देखने को मिलती है । सड़क निर्माण का कार्य जिस समय किया जाता है उस समय ना करते हुए कई सालों के बाद किया जाता है। बैसे सड़क बनाने के दौरान करवा दिया जाता तो पैसों की बर्बादी भी रोकी जा सकती है और आम जनता को परेशानी भी नहीं होती पर जिम्मेदार ध्यान ही नहीं देते हैं इन्हें केवल अपने मतलब से मतलब रहता है। टैक्स की राशि का जरूर नगर पालिका परिषद के द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। कस्टम रोड से भवानी नगर तथा गौरव नगर को जोड़ने वाली सड़क बनाने का काम दो साल पहले ही नगर पालिका के द्वारा करवाया गया था अब इस मार्ग पर पढ़ने वाली पुलिया को बनवाया जा रहा है। इसके लिए सड़क खोदी जार ही है इस के चलते कई दिनों तक रहवासियों को परेशान होना पड़ेगा मार्ग को अभी निर्माण के चलते बंद कर दिया गया है। ।यह काम सड़क निर्माण के दौरान हो सकता था क्योंकि छोटी पुलिया ही बनाई जानी थी पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसे काम नगर में कई जगह किए जा रहे हैं।

## लटेरी के वनों की 24/7 सुरक्षा



**सिरोंज।** वनों की अवैध कटाई के लिए संवेदनशील लटेरी वन क्षेत्र में अब वन कर्मियों द्वारा दिन रात 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है। इस हेतु जंगलों के अंदर संवेदनशील रास्तों एवं बिंदुओं पर 12 सुरक्षा कैंप्स स्थापित किए गए है। इन केंपो पर वन कर्मी दिन और रात तैनात हैं स इन प्रयासों के चलते पिछले दो महीनों में वनों की कटाई पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाया गया है। इसके अलावा मुख्य वन मार्गो पर फॉरेस्ट मोबाइल द्वारा रात्रि गश्त की जा रही है। वन मंडल अधिकारी विदिशा, उप वन मंडल अधिकारी सिरोंज एवम रेंज अधिकारी द्वारा कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे विगत 2 माह में अवैध कटाई पर न सिर्फ कमी आई है बल्कि अवैध कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की दिशा में सफलता हासिल हुई है।

# एसडीएम के निर्देशों के बाद भी नपा ने नहीं हटाई इमलानी जाने वाले मार्ग से मिट्टी

**15 दिनों से रास्ता बंद लोगों को हो रही परेशानी**

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मुख्य सड़क से इमलानी को जाने वाली सड़क का निर्माण अतिक्रमण आने के उपरांत एसडीएम के निर्देश पर बंद है। 15 दिनों पर रास्ते पर मिट्टी पड़ी है इस वजह से सभी को परेशानी हो रही है नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि मुख्य सड़क लगकर पर पाइप लाइन के लिए नगर पालिका परिषद ने खोदाई करने के बाद मिट्टी को वापस वहां से नहीं हटाया हैं । इस वजह से यहां से यातायात बंद है। एसडीएम ने दो दिन पहले नगर पालिका सीएमओ को यहां से मिट्टी हटवाकर मार्ग को चालू करने के लिए निर्देश दे थे। इसके बाद भी नगर जिम्मेदारों अधिकारियों ने कदम नहीं उठाए इसके चलते इस मार्ग से आने जाने वाले ग्रामीण तथा रहवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में नहर वाले रास्ते से जाना पड़ा है जो की बहुत ज्यादा खराब है स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कॉलोनी से निकलकर मुख्य सड़क पर पैदल ही आना पड़ता इन्हें भी ठंड में परेशानी होती है ।इसके बाद भी यहां से मिट्टी हटाने का काम किया जा रहा है। 15 दिन का समय बीत गया है इसी तरह रास्ता बंद है। सड़क का निर्माण होने में अभी कई दिन भी जाएंगे नोटिस के बाद अतिक्रमण करके मकान बनाने जिन पर आरोप लगे हैं उनके द्वारा जवाब दिया जा रहा उसका समाधान होने के बाद ही मार्ग का काम फिर से शुरू हो पाएगा।



## कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की बैठक: पुरानी कुप्रथा को किया समाप्त समाधि को नहीं लगाएंगी माहौर



**सिरोंज ।** रविवार को कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की बैठक बटैया जी सरकार पर हुई। सभी ने मिलकर निर्णय दिया कि बरसों से चली आ रही प्रथा को अब समाप्त किया जाता है। पहले जब समाधी जाते थे तो उनको समाध माहौर लगती थी इसको बंद करने संकल्प युवाओं ने मिलकर लिया है अन्य प्रथाओं को भी समाप्त करने का काम संगठन करेगा जो समाज के हित के लिए नहीं है लेकिन पहले से चली आ रही है।। बैठक में पुराने लेखा-जोखा पर बिंदुवार चर्चा हुई एवं नवागत अध्यक्ष महेश पटेल को जिम्मेदारी सोप गई। सामूहिक चर्चा के दौरान संगठन की एकता पर जोर दिया गया समधी को माहौर लगाने वाली कुप्रथा को ग्राम कचनारिया से बंद करने की शुरुआत की गई है। वही समाज को शिक्षित बनाने के लिए काम करने पर जोर दिया शादी विवाह में फिजूल खर्च रोकने का निर्णय भी लिया गया। जनवरी महीने में संपूर्ण कार्य करने का गठन किया जाएगा अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 9 में स्थित जनपद पंचायत कार्यालय का मामला पुलिस कर रही जांच

# ट्राइसिकल-व्हील चेयर चुराते समय कर्मचारियों ने दो चोरों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ किया मामला दर्ज, दो को लिया हिरासत में, एक मुल्जिम की तलाश जारी**

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर के जनपद पंचायत कार्यालय के उपर रखी पुरानी ट्राईसाईकिलो एवं ब्हील चेयर को नीचे गिराकर ले जाते समय दो चोरों को जनपद के कर्मचारी ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी साथ ही पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर दो को हिरासत में लिया है साथ ही एक मुल्जिम की तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि में 7 बजे जनपद के कार्यालय के उपर रखी शासकीय पुरानी कवाड़ की साईकिले एवं ब्हील चेयर को ये तीन लोग जिनमें सतेन्द्र सेन पिता मुन्ना सेन ग्राम चौराई राजकुमार पिता रोजश गौड़ चौराई एवं जनपद शिक्षा केंद्र का चौकीदार विजय लोधी ने छत से नीचे गिराकर मोटर साईकिल पर वांधकर चुराकर ले जाते समय जनपद पंचायत के चौकीदार राजेन्द्र विश्वकर्मा ने पकड़ लिया साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पहुंचकर सतेन्द्र एवं राजकुमार गौड़ को पकड़ लिया एवं तीन ट्राईकिल एवं 2 ब्हील चेयर को एवं एक मोटर साईकिल को भी जप्त किया गया है। सतेन्द्र एवं राजकुमार ने पुलिस को बताया है कि जनपद के कर्मचारी विजय लोधी ने हम लोगो से कहां था कि जनपद का कवाड बेचना है जिसे आकर ले जाना जिसके बाद हम लोग कवाड़ लेने गए थे हम लोग खरीददार है चोर नहीं है। पुलिस ने तीनो के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर विजय लोधी की तलाश में लगी हुई है







# पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

## साउथ अफ्रीका को पहली बार उसी के घर में क्लीन स्वीप किया

**जोहान्सबर्ग. एजेंसी**

पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है। जोहान्सबर्ग में रविवार को खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला ष्ठस्र् मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका की ओर से ऑलराउंड प्रदर्शन किया। सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका की ओर से ऑलराउंड प्रदर्शन किया। सईम की सेंचुरी, बाबर-रिजवान ने फिफ्टी जमाई टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। कगिसो रबाडा को 3 विकेट साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए। क्लासेन की फिफ्टी, यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी 308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। 81 रन की पारी खेलने वाले हेनरिक क्लासन ने छठे विकेट के लिए मार्को यानसन के साथ 71 रनों की साझेदारी की, लेकिन वह जीत के लिए काफी नहीं थी। सुफियान मुकीम को 4 विकेट पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम ने चार विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को 2-2 विकेट मिले।

# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत-पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को होगा

## भारत सेमीफाइनल-फाइनल में पहुंचा तो ये मुकाबले भी यहीं होंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात (८श्व) को चुना गया है। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा।

पाकिस्तान स्त्रि5केट बोर्ड के सूत्र ने बताया कि शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच हुई बैठक के बाद दुबई को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। जबकि फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होगा। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।



भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा। जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है। 15 में से 5 मैच यूएई में होंगे 8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच यूएई में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं। मीटिंग में 4-5 मांगें रखीं, लेकिन आईसीसी ने ज्यादातर मांगों को ठुकरा दिया। वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया- टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

### 2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आया था पाकिस्तान

पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज जनवरी 2013 में हुई थी। तब से दोनों टीमें आईसीसीऔर एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं। मुंबई में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान नहीं जा रहा भारत भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें ह्रष्टष्ट और ञ्चष्ट के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं। पाकिस्तान में 2009 के दौरान श्रीलंका टीम पर भी आतंकी हमला हो चुका है।

# विमेंस वनडे क्रिकेट में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज

**वड़ोदरा. एजेंसी**

भारत-वेस्टइंडीज विमेंस टीम के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में रविवार को भारत ने अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के 91 रन की मदद से 9 विकेट खोकर 314 रन बनाए। जवाब में कैरेबियाई विमेंस टीम 26.2 ओवर में 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से रेणुका सिंह ने 5 विकेट लिए। रविवार को वडोदरा में मंधाना ने लगातार चौथी फिफ्टी लगाई। उनके अलावा हरलीन देयोल ने 50 गेंदों पर 44 रन और ऋचा घोष ने 12 गेंदों पर 26 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से जायदा जेम्स को 5 विकेट मिले। इस मैच में भारतीय टीम अपनी नई वनडे जर्सी पहनकर खेलने उतरी। पहले विकेट के लिए 110 रन जो? उपकप्तान स्मृति मंधाना ने डेब्यू कर रही प्रतिका रावल (69 में से 40 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मिडिल ऑर्डर में मंधाना को हरमनप्रीत कौर, हरलीन देयोल, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स (31 रन) का साथ मिला, जिसकी मदद से भारत का स्कोर 300 के पार पहुंचा। हार्ड-हिटिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बाहर करने के बाद भारत ने मंधाना के साथ ओपनिंग करने के लिए कई बल्लेबाजों को आजमाया और रविवार को दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका की बारी थी, जिन्होंने 57.97 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। मंधाना ने 91 रन बनाए मंधाना ने पूरी पारी में शानदार कवर ड्राइव और पुल शॉट्स लगाए। मंधाना ने 91 रन की पारी में 13 चौके लगाए। कप्तान हरमनप्रीत और ऋचा ने तेजी से बल्लेबाजी की। वेस्टइंडीज के लिए बाएं हाथ की स्पिनर जायदा जेम्स ने शानदार बॉलिंग की।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# जूही ने शाहरुख को लेकर किया खुलासा, बोलीं ईएमआई न भर पाने से छिन गई थी कार



जूही चावला और शाहरुख खान ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया है। दोनों आज भी बहुत क्लोज फ्रेंड हैं। हाल ही में जूही चावला ने खुलासा किया कि एक बार शाहरुख खान ईएमआई नहीं चुका पाए थे, जिसकी वजह से उनकी जिप्सी कार कंपनी वाले ले गए थे। इसके बाद शाहरुख बहुत उदास हो गए थे। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक इवेंट में जूही ने पूरा किस्सा सुनाया। जूही ने बताया कि उन दिनों शाहरुख के पास घर नहीं था, क्योंकि वो दिल्ली से थे। मैं ये नहीं जानती कि उनके लिए खाना कौन बनाता था। लेकिन सेट पर वो बाकी लोगों के साथ ही यूनिट की प्लेट में खाना खाते थे। यूनिट की ही चाय पीते थे। सेट पर सभी लोगों के साथ घुल-मिलकर हंसी मजाक करते हुए रहते थे। उन दिनों उनके पास ब्लैक कलर की जिप्सी कार थी। उस समय उनके पास कई फिल्में थीं। वो मेरे साथ राजू बन गया जेंटलमैन, दिल आशना है और दिव्या भारती के साथ एक और फिल्म दीवाना कर रहे थे। किसी वजह से वो कार की ईएमआई नहीं दे पाए थे या ऐसा कुछ तो हुआ था। इस वजह से उनकी जिप्सी छिन गई थी। वो बहुत निराश होकर सेट पर आए थे। मैंने उनसे कहा कि परेशान मत हो, एक दिन आपके पास बहुत सारी कारें होंगी और उन्हें ये बात आज भी याद है, क्योंकि ये सच हुआ। आज देखिए वह कहां से कहां पहुंच गए हैं। जूही चावला 'डर' (1993), 'डुप्लीकेट' (1998),' राम जाने' (1995),'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' (2000) और 'वन टू का फोर' (2001) जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।' अब शाहरुख खान 'किंग' फिल्म में नजर आएंगे। वहीं, जूही चावला पिछली बार 'द रेलवेमैन' वेब सीरीज में दिखी थीं।

# सामंथा ने की भोजन पर बात, यूजर बोला- ऐसे ब्रांड के विज्ञापन किए, जो स्वास्थ्य के लिए गलत




अभिनेत्री सामंथा को साल 2022 में पता चला था कि वो मायोसिटिस से पीड़ित हैं। इस बीमारी में मांसपेशियों में सूजन आने लगती है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए सामंथा ने कामकाज से छह महीने का ब्रेक ले लिया था। पिछले साल उन्होंने कुशी फिल्म से परदे पर वापसी की थी। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा ने भी अभिनय किया था। रूथ प्रभु पिछले काफी समय से स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को लेकर मुखर नजर आ रही हैं। वो अक्सर अपने वर्कआउट की वीडियो साझा करती रहती हैं, जिससे कई लोग प्रेरित होते हैं। अब सामंथा ने अपने पॉडकास्ट टेक20 में स्वस्थ भोजन खाने के महत्व पर चर्चा की है, जिस पर एक यूजर की टिप्पणी ने उन्हें जवाब देने के लिए मजबूर कर दिया। सामंथा ने अपने पॉडकास्ट में अच्छे खान-पान को लेकर जो कुछ कहा, उस पर एक सोशल मीडिया यूजर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सामंथा अब तो खाने की बढ़िया आदतों को लेकर बात कर रही हैं, लेकिन वो विज्ञापनों में ऐसे खाद्य और पेय ब्रांडों का समर्थन कर चुकी हैं, जो स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। ऐसा लगता है कि यूजर की इस टिप्पणी का सामंथा पर काफी असर हुआ और शायद तभी उन्होंने इस पर अपनी ओर से भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि मैं अतीत में गलतियां कर चुकी हूं, जब मुझे बेहतर जानकारी नहीं थी, मगर मैंने कई विज्ञापनों में काम करना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि वो जो बात कहती हैं, उसे अपने पर लागू करने में यकीन रखती हैं। सामंथा ने कहा कि उन्होंने जो भी सीखा है, उसे लेकर उन सभी बातों को अनदेखा करना मुश्किल है, जिन बातों के बारे में उन्हें पहले जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान स्वस्थ जीवन जीने पर केंद्रित हैं। इसमें चाहे खाने का चुनाव हो या फिर ब्रांड का। सामंथा को साल 2022 में पता चला था कि वो मायोसिटिस से पीड़ति हैं। इस बीमारी में मांसपेशियों में सूजन आने लगती है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए सामंथा ने कामकाज से छह महीने का ब्रेक ले लिया था। पिछले साल उन्होंने कुशी फिल्म से परदे पर वापसी की थी।



### हिंदू संगठन ने किया थाने का घेराव, बोले

# एसडीएम पर भड़के उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

## बच्चें को क्लास रूम से निकालकर पीटने वालों पर रासुका की कार्रवाई की मांग



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव हर्राखेड़ा में शुक्रवार दोपहर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा स्कूल में घुसकर आठवीं कक्षा के छात्र से मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया। हिंदू संगठन के लोगों ने थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर दिया। घेराव की सूचना मिलते ही आलाधिकारी और एसडीएम भी मौके पर पहुंच गएड़थे। घटना के बाद हिंदू संगठन इस कदर नाराज दिखा कि हंगामे के बीच लोगों ने एसडीएम तक को खरीखोटी सुना दी। दरअसल, हंगामे के बीच एसडीएम प्रकरण के बारे में जानकारी ले रहे थे, तभी हंगामा कर रहे लोगों ने कहा कि जब प्रकरण ही नहीं पता तो काहे के एसडीएम। हिंदू संगठन ने चेतावनी दी है कि यह तो अभी मामूली प्रदर्शन है। यदि आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जाएगी तो प्रदर्शन उग्र होगा।

**थाने में समझौता कराने का आरोप:** हिंदू संगठन का कहना है कि जुमे की नमाज होने के बाद भीड़ स्कूल प्रांगण में घुस आईड़थी। भीड़ ने आठवीं कक्षा के छात्र को स्कूल टीचर और प्राचार्य के सामने क्लास से बाहर निकाला और उसके साथ जमकर मारपीट की। अपने भाई को भीड़ से बचाने के लिए पहुंचे भाई के साथ भी समुदाय विशेष के लोगों ने मारपीट की थी। मामला थाने पहुंचा तो थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को धमकाते हुए समझौता करने का दबाव बनाया।

**12 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी:** पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में समुदाय विशेष के लोग हर्राखेड़ा के शासकीय पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विध्यालय में घुस आए थे। लोगों ने क्लास रूम से आठवीं कक्षा के छात्र को बाहर निकाला और उसके साथ मारपीट की थी। उसे बचाने आए भाई के साथ भी लोगों ने मारपीट की थी।

## साइकिल से मोबाइल पर बात करत जा रहे छात्र का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा मार्केट मुख्य सड़क पर रविवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल से जा रहे छात्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। छात्र कुछ समझ पाता इससे पहले ही आरोपी तेजी से बाइक लेकर भाग निकले। झपटे गए मोबाइल की कीमत 19 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 साल का सागर पाठक, दीक्षा नगर बागसेवनिया में रहता है और कॉलेज का छात्र है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार शाम वह कृष्णा मार्केट होते हुए दीक्षा नगर की तरफ जा रहा था। इस दौरान मोबाइल पर कॉल आया और वह बातचीत करते हुए जाने लगा। कृष्णा मार्केट शॉपिंग मॉल के सामने पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवारों पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना शाम करीब साड़े 6 बजे के आसपास की है। मोबाइल झपटने के बाद सागर ने शोर किया तो आरोपी तेजी से बाइक चलाते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने रात करीब दस बजे झपटमारी की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

# ससुराल से मायके पहुंची बहनों में कहासुनी पीया जहरीला पदार्थ, दोनों की हो गई मौत

### नजीराबाद के गांव चंदपुरा की घटना, पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव चंदपुरा में शनिवार की शाम दो सगी विवाहित बहनों बीच आपसी विवाद हो गया। विवाद बड़ने पर दोनों बहनों ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ पी लिया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दोनों बहनें बचपन से ही आपस में विवाद किया करती थी। बाद में दोनों साथ बैठकर खाना भी खाती थी। थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम राधाबाई गुर्जर (25) और उसकी छोटी बहन भूरीबाई गुर्जर (20) ग्राम चंदपुरा की रहने वाली थी। राधाबाई की शादी ग्राम कोलूखेड़ा थाना सुठालिया जिला राजगड़ निवासी रामकरण गुर्जर के साथ हुई थी, जिसका ढाई साल का एक बेटा है। भूरीबाई की शादी करीब आठ महीने पहले अप्रैल में ग्राम भमोरा थाना नजीराबाद निवासी जगदीश गुर्जर के साथ हुई थी। फिलहाल दोनों बहनें अपने मायके आई हुई थी। बचपन से ही दोनों एक-दूसरे से लड़ाई करती थी और बाद में साथ में बैठकर खाना भी खाती थी।



शनिवार शाम दोनों बहनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर उन्होंने एक-दूसरे को भला-बुरा कह दिया। नाराज होकर एक बहन ने जहरीला पदार्थ पी लिया तो दूसरी ने भी जहर पी लिया। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात भूरीबाई की मौत हो गई। रविवार की सुबह राधाबाई की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# छत से गिरकर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### पड़ोसी लेकर पहुंचे थे अस्पताल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित छहघरा कॉलोनी करोंद इलाके में रविवार दोपहर तीसरी मंजिल स्थित छत से गिरकर महिला की मौत हो गई। गंभीर हालत में पड़ोसी महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि महिला छत से नीचे झांककर देख रही थी। उसी दौरान संतुलन बिगडऩे से वह नीचे जा गिरी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक छहघरा कॉलोनी करोंद निवासी ओमकार शुक्ला



Demo Pic

(62) ट्रांसपोर्ट का काम करते थे लेकिन सड़क हादसे के बाद वह फिलहाल कोई काम नहीं कर रहे थे। परिवार में दो बच्चे व पत्नी ममता शुक्ला (42) थीं। बेटा और बेटी शहर से बाहर प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि पति-पत्नी यहां अकेले रहते थे। रविवार दोपहर ओमकार शुक्ला कटिंग कराने नारियलखेड़ा गए थे जबकि ममता शुक्ला छत पर थीं। उसी दौरान अचानक वह नीचे गिर गईं। जोरदार आवाज होने पर पड़ोसियों को घटना की जानकारी लगी। फौरन घायल महिला को भानपुर स्थित अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022